स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
ग्राम पंचायत कलूर
विकास खंड नादौन जिला हमीरपुर

ग्राम पंचायत कलूर से सम्वधित विवरण व सफलता की कहानी

ग्राम पंचायत कलूर विकास खंड नादौन जिला हमीरपुर हिमाचल प्रदेश में पडती है । इस ग्राम पंचायत की आवादी 2229 है । ग्राम पंचायत कलूर से सम्वधित व्यक्तियों का मुख्यव्यवसाय कृषि है । वर्तमान में ग्राम पंचायत कलूर के प्रधान श्री राजीन्द्र कुमार व पंचायत सचिव श्री सतीश पाल हैं । इस पंचायत में कुल 5 वार्ड हैं। पंचायत प्रधान श्री राजीन्द्र कुमार कलूर द्वारा विकास खंड नादौन के अधिकारियों व कर्मचारियों के सहयोग से पंचायत वैठक व ग्राम सभा में सम्वधित योजनाओं वारे स्थानीय लोगों , महिला मण्डलों व स्वंय सहायता समूहों को जागरूकता शिविरों द्वारा जागरूक किया जा रहा है। वर्तमान में ग्राम पंचायत कलूर में प्रधान श्री राजीन्द्र कुमार के सहयोग द्वारा स्थानीय लोगों , महिला मण्डलों व स्वंय सहायता समूहों , युवक मण्डलों के सहयोग से पंचायत में सार्वजनिक स्थलों , वावडियों , रास्तों व पेयजल भंडारण टैंकों की साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है। ग्राम पंचायत कलूर में प्लास्टिक कचरा प्रवंधन संयंत्र भी लगाया गया है । ग्राम पंचायत कलूर के समस्त गांव का प्लास्टिक पंचायत द्वारा इक्कठा किया जाता है व उसे प्लास्टिक कचरा प्रवंधन संयंत्र में लाकर उस प्लास्टिक का मशीनों के माध्यम से प्रवन्ध किया जाता है । इस ग्राम पंचायत में गन्दे पानी के निपटारे हेतू सोक पिट व नालियां भी वनाई गई हैं ।

पंचायत स्तर पर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) व अन्य योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां करवाई जा रही हैं जिसका विवरण निम्न प्रकार से है:—

1. ठोस एवं तरल कचरे को खुले में न फैंका जाए इसके लिए सूचना पटट् के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।
2. पंचायत क्षेत्र में पड़ने वाली दुकानों में कूड़े के प्रबन्धन हेतु सम्बन्धित दुकान मालिकों से कूड़ादान लगाने हेतु निर्देशित किया गया है।
3. उल्लंघनकर्ता को नियमानुसार दंडात्मक चेतावनी बोर्ड भी लगाए गए हैं।
4. ग्राम पंचायत के समस्त गावों में पंजीकृत कवाड़िया प्रत्येक पखवाड़े में प्रत्येक घर से ठोस कचरे को उठा ले जाता है जो कि प्रत्येक परिवार स्तर पर स्वयं अलग–2 किया जाता है।
5. पारिवारिक स्तर पर गंदे पानी के निपटान हेतु प्रत्येक घर में सोखता गढढा का निर्माण किया गया है। इसके अतिरिक्त गन्दे पानी की निकासी हेतु नालियों की व्यवस्था की गई है।
6. इसके अतिरिक्त प्राकृतिक जल संसाधन हेतु नियमित जांच एवं साफ सफाई सुनिश्चित की गई है।

इसके अतिरिक्त प्रधान श्री राजीन्द्र कुमार कलूर द्वारा प्रत्येक गांव में सम्बन्धित वार्ड सदस्य, महिला मण्डल सदस्यों, व स्वंय सहायता समूहों के माध्यम से ठोस कचरा प्रबन्धन हेतु जागरूक किया जा रहा है ताकि समस्त पंचायत क्षेत्र को कचरा मुक्त बनाया जा सके।

Scanned with OKEN Scanner

ग्राम सभा वैठकों में स्थानीय जनता को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) से सम्वधित जानकारी देते हुए

ग्राम पंचायत कलूर में स्थानीय लोगों , महिला मण्डलों व स्वंय सहायता समूहों , युवक मण्डलों के सहयोग से पंचायत क्षेत्र में आने वाली दुकानों में स्वच्छता वारे जागरूक करते हुए व प्लास्टिक लेते हुए।

Scanned with OKEN Scanner

प्लास्टिक कचरा प्रबंधन संयंत्र में मशीनों के माध्यम से प्रबन्ध प्लास्टिक कचरे का प्रबन्ध

ग्राम पंचायत कलूर में तरल पदार्थों के निपटारे हेतू किए गए सोखता गढों के निर्माण

Scanned with OKEN Scanner